## कृषि साख सहकारी समिति शिकारपुर पर खाद की चोरी और अधिक मूल्य पर बेचने की हुई शिकायत

# खाद की कालाबाजारी

## चोरी में जुटे समिति प्रबंधक, पूरा स्टाफ है शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिन्दवाडा (मनीष गड़करी)

किसानों के साथ हर कदम पर अन्याय हो रहे हैं और इस पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर लाख आदेश जारी कर रहे है। इसके बाद भी किसानों के साथ समिति प्रबंधक खाद की कालाबाजारी कर रहे है। किसान मक्का के रेट से तो परेशान है ही अब गेहूं की फसल के लिए अधिक कीमत पर खाद लेने के लिए मजबूर है और किसानों की इस दुर्दशा के लिए समिति प्रबंधक जिम्मेदार है जो किसानों को खाद की कमी बताकर उनसे अधिक रूपयों की वसूली कर रहे है। जिले में तो इस तरह के कई मामले चल रहे है और ऐसा नहीं है कि कृषि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों को इस बात की जानकारी नहीं है परंतु कोई भी इस तरह के मामले आने के बाद लीपापोती में जुड़े ब्लॉक स्तर के अधिकारी कर्मचारी किसानों के हित में न सोचकर स्वहित की बात करते है और आर्थिक लेन देन कर मामले का निपटारा करते है।

जिले के बड़े अधिकारी भोपाल में हुई बैठकों में आंकड़ों की बाजीगिरी दिखाकर पीठ थपथपाने में ही रूचि रखते है। यही कारण है कि जमीनी स्तर पर किसान थक हारकर सत्तासीन भाजपा की सरकार को दोष देते नजर आता है। जबकि खाद की कालाबाजारी करने वाले साख समिति के पूरा स्टाफ को यह पता होता है कि कहां से गोलमाल किया जा रहा है।

इस तरह का ही एक बड़ा मामला सहकारी साख समिति शिकारपुर से सामने आया है जहां समिति प्रबंधक सुरेन्द्र माहोरे की करतूतों की वजह से भाजपा की सरकार बेवजह बदनाम हो रही है। जिला कलेक्टर के लाख दांवों के बाद भी किसानों के लिए बनी शासकीय योजनाएं सफेद हाथी ही साबित हो रही है। योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के किसानों को बिल्कुल नहीं मिल रहा है। किसान बेबस है और लाचार है और किसान खाद विक्रय केद्रों के सामने लंबी लाइन लगकर अपनी दुर्दुशा पर रोने के अलावा कुछ और नहीं कर पाने के लिए मजबूर है।












### इनका कहना है

जबकि समिति प्रबंधक सुरेंद्र माहोरे का कहना है कि दुर्भावनावश की गई इस शिकायत में सत्यता का अभाव है। लेकिन 1720 रूपए की खाद को 1850 रूपए में बेचने की बात वे स्वीकार कर रहे है जिसका ऑडियो हरिभूमि के पास उपलब्ध है।

## 1720 रूपए की खाद समिति प्रबंधक बेच रहे 1850 में




शिकारपुर के किसान **भगतराम माहोरे** द्वारा क्रय की गई बोरी पर एमआरपी 1720 रूपए अंकित होने के बाद भी प्रबंधक ने उनसे 1850 रूपए का भुगतान प्राप्त किया है। बदले में बिल भी दिया है जिसकी किसान ने अलग अलग मंचों पर जाकर शिकायत की है और बिल प्रस्तुत किया है, वहीं किसान भगतराम माहोरे का कहना है कि यह सिर्फ किसान की बात नहीं है। समिति प्रबंधक द्वारा न केवल ज्यादा मूल्य लेकर खाद का विक्रय किया है, बल्कि किसान द्वारा क्रय की गई कुल 26 बोरियों में से तीन बोरियों में खाद 10-12 किलो कम पाया गया है। इस बात की शिकायत किसान द्वारा समिति प्रबंधक को वीडियो बनाकर दी गई है। जिस पर प्रबंधक ने दूसरी बोरियां देकर मामले को रफादफा करने की कोशिश की परंतु किसान ने मामले का पर्दाफाश करते हुए अन्य किसानों को ठगी का शिकार होने से बचाने का प्रयास किया।



### क्या कहते है कृषि विस्तार अधिकारी

इस विषय में मोहखेड़ विकासखंड के कृषि विस्तार अधिकारी डी.एस. घाघरे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि खाद के नए मूल्य निर्धारित किए गए है जिसका पत्र सभी समिति प्रबंधकों को दिया गया है। अगर साख सहकारी समिति शिकारपुर में इस तरह की कोई शिकायत आती है तो कार्रवाई की जाएगी और गोडाऊन की भी जांच की जाएगी।



## श्रावक श्राविकाओं ने सुना गुरुदेव का प्रवचन

**पांढुर्ना।** कल श्री श्वेतांबर मूर्तिजूजक जैन समाज के परम पूज्य उपाध्याय प्रवर श्री महेंद्र सागर तथा परमपूज्य युवा मनीषी उपाध्याय श्री मनीष सागर का नगर में आगमन हुआ। ज्ञात हो कि यह साधु और साध्वी नागपुर से जैसलमेर के प्रवास पर है। कल परमपूज्य गुरूदेवों के दर्शन एवं प्रवचन और सानिध्य का लाभ पांढुर्ना के भक्तजनों को मिला। गुरूदेव ने प्रवचन में कहा कि धर्म का वास्तविक स्वरूप स्वयं को सरल बनाना, मन को शांत रखना तथा क्रोध वितर्क पर नियंत्रण रखना जीवन को सार्थक बनाता है। गुरूदेव ने कहा कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी चुनौतीपूर्ण हो यदि मन संयमित एवं षांत हो तो समस्याएं सूक्ष्म प्रतीत होती है। इस प्रवचन में पांढुर्ना सहित नागपुर व मुलताई से अनेक श्रावक श्राविकाएं उपस्थित रही।

## विधायक उईके की आवाज बुलंद, विधानसभा में गूंजे तहसील, कॉलेज और सड़कों के मुद्दे

**पांढुर्णा।** क्षेत्रीय विधायक निलेश उईके ने शुक्रवार को विधानसभा सत्र के दौरान सभापति महोदय के समक्ष पांढुर्णा नगर और ग्रामीण अंचल की कई जमीनी समस्याओं को उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। विधायक ने प्रमुख रूप से आदिवासियों के आस्था के केंद्र देवगढ़ किले को पर्यटन स्थल घोषित करने और इसके रखरखाव के लिए राशि आवंटित करने की मांग की। इन्होंने कलेक्टर कार्यालय के भवन को शहर से बाहर न ले जाते हुए मंडी परिसर में ही बनाने का प्रस्ताव रखा, जो कि पांढुर्णा जिले की जनता की लंबे समय से मांग रही है। विधायक निलेश उईके ने वरूड़ रोड पर स्थित ओवरब्रिज निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति दिए जाने पर सभापति महोदय का आभार व्यक्त किया।



**शैक्षणिक और स्वास्थ्य सुविधाओं पर फोकस** :-विधायक उईके ने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सांवरी और नांदनवाड़ी उप-तहसीलों को पूर्ण तहसील का दर्जा देने, नांदनवाड़ी में एकलव्य विद्यालय, पाठई में महाविद्यालय (कॉलेज) तथा मैनीखापा में कन्या छात्रावास स्वीकृत करने, हीरावाड़ी-नांदनवाड़ी अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टरों की तुरंत पदस्थापना तथा क्षेत्र में जर्जर शाला भवनों के जीर्णोद्धार के लिए राशि की मांग की।

**आदिवासी अंचल की सड़कों पर चिंता** :-विधायक उईके ने आदिवासी अंचल की बुरी हालत में पड़ी सड़कों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के खराब होने से ग्रामीण जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन्होंने सरकार से इन अति-आवश्यक सड़कों के निर्माण को स्वीकृत करने की अपील की जिसमें डोडिया से डोडिया ढाना, बिजाडोरा से कोहट, उत्तमडेरा से ढोलनखापा, पीपलपानी से सातभाई ढाना तथा लेंढोरी से रैयतवाड़ी सडक शामिल है।

## गरिमा और योग्यता को बनाए रखना किशोर न्याय अधिनियम का उद्देश्य हैं - यदुवंशी

**जुन्नारदेव।** बाह्मनवाडा संकुल के दुरस्त ग्राम तुमडा के शासकीय एकीकृत विद्यालय तुमडा में कानूनी जागरूकता एवं सतर्कता कार्यशाला का आयोजन स्थानीय अधिवक्ता हर्ष यदुवंशी के द्वारा किया गयाअधिवक्ता यदुवंशी के द्वारा स्कूली बच्चों को भारतीय संविधान में प्रदत मौलिक अधिकार एवं बच्चों के लिए विशेष अधिकार के बारे में विस्तार से बताया एवं किशोर न्याय अधिनियम में विधि के उल्लंघनकारी बालक को इस कानून में किस तरह पुनः समाज से जोड़ने के लिए प्रयास किया जाता हैं बताया गया एवं पॉक्सो अधिनयम के साथ बच्चियों को गुड टच बेड टच को समझाया गया एवं किशोर न्याय अधिनियम और पॉक्सो अधिनयम में माता - पिता और शिक्षकों के क्या कर्तव्य हैं यह भी शिक्षकों को अवगत कराया गया साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी अधिनयम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग कैसे करना हैं और सोशल मीडिया चलाते समय क्या सावधानी बरतनी हैं बच्चों को बताया गया, विद्यालय परिवार के द्वारा युवा अधिवक्ता हर्ष यदुवंशी का पुष्पहार से स्वागत कर इस तरह के आयोजन के लिए सम्मानित किया गया।इस दौरान विद्यालय परिवार एवं विधि छात्र मनोज फलके उपस्थित रहें।

## नगरपालिका ने शुरू किया तीस लाख की लागत से पुलिया निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुन्नारदेव

नगरपालिका द्वारा तीस लाख की लागत से पुलिया निर्माण कार्य किया जा रहा है।यह निर्माण कार्य नगर के वार्ड क्रमांक 18 में मुख्यमंत्री फेस-4 योजना के अन्तर्गत कराया जा रहा है। आज पुलिया के ऊपर सला स्लेब डाला गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन पूर्व पार्षद शरद के साथ उपस्थित थे। उन्होंने कंक्रीट करने से पहले विधिवत पूजन अर्चन किया।निर्माण स्थल पर मौजूद इंजीनियरों और ठेकेदार को निर्देश दिए कि पुलिया निर्माण में उपयोग हो रहे लोहे के रॉड, सीमेंट और कंक्रीट की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि स्लैब कंक्रीट ढलाई के दौरान गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए ।और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही सामग्री का उपयोग किया जाए। इस दौरान अध्यक्ष रमेश सालोडे ने कहा कि यह पुलिया जनसुविधा के लिए महत्वपूर्ण है।तथा इसके निर्माण होने से वार्ड की यातायात सुविधा बेहतर होगी। यह पुलिया हनुमान मंदिर के पीछे वार्ड नंबर 18 में किया जा रहा है।

## उल्लास के साथ मनाया होमगार्ड का स्थापना दिवस

### प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा किया गया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश स्थापना एवं सिविल डिफेंस के स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय होमगार्ड परिसर मे मुख्य अतिथि विक्रम अहके महापोर नगर पालिका निगम , आमंत्रित अतिथि कलेक्टर हरेंद्र नारायण , अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक आशीष खरे, पार्षद संतोष राय, की उपस्थिति मे मनाया गया ।

जिला होमगार्ड सेनानी स्नेह लता पाठ्या द्वारा आमंत्रित महापोर जी, कलेक्टर, साहब ,अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया ,जिला सेनानी ने बताया की स्थापना दिवस के अवसर पर 4 प्लाटून होमगार्ड से रामप्रसाद सिगोतिया, एस डी ई आर एफ से बुधमान धुर्वे, एन सी सी से कु आर्या डाकरे, सिविल डिफेंस से चंचलेश वर्मा के नेतृत्व मे मार्च पास्ट किया गया जिसका नेतृत्व प्लाटून कामांडर गणेश धुर्वे के द्वारा किया गया । मुख्य आतिथि विक्रम अहके ने ग्रह मंत्रालय भारत सरकार के ग्रहमंत्री अमित शाह जी का संदेश वाचन करते हुए अपने उदबोधन मे कहा की होमगार्ड के नगर सेनिक हमेशा नागरिको की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग, यातायात व्यवस्था, बाढ आपदा जैसे अनेक कार्यो मे सहयोग कर रेस्क्यू के जरिए अपनी जान को जोखिम मे डालकर आम जनो को बचाने मे अपना योगदान देकर सराहनीय कार्य कर रहा है । जिला सेनानी स्नेह लता पाठ्या द्वारा महानिदेशक होम गार्ड मध्यप्रदेश के भेजे हुये संदेश का वाचन किया गया । जिला सेनानी ने उपस्थित अतिथियो को आपदा के समय उपयोग किये जाने वाले अलग अलग उपकरणों की उपयोगिता से अवगत कराया । कार्यक्रम उपरांत विभागीय खेल कूद प्रतियोगिता , सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमे सिविल डिफेंस के वालेंटियर्स ने बढ़ चढ़कर होमगार्ड के सेनिको के साथ मिलकर हिस्सा लिया इसमे भाग लेने वाले विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया।

## शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज खिरसाडोह में करियर संवर्धन का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज खिरसाडोह में करियर संवर्धन एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को तकनीकी प्रवेश हेतु करियर संवर्धन एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सौसर जिला पांढुरना, शासकीय हाई स्कूल गोहटान सौसर, ओम साईं सेंट्रल पब्लिक स्कूल सौसर, एवं गवर्नमेंट प्रभावती मानेकर हायर सेकेंडरी स्कूल सौसर जिला पांढुरना, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पंद्रहखेड़ी तहसील सौसर जिला पांढुरना, में करियर संवर्धन एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं, तथा शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। छात्रों को संबोधित करते हुए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय खिरसाडोह के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विभाग अध्यक्ष श्रीमती आशा ढोक ने तकनीकी शिक्षा की बढ़ती महत्ता, उद्योग आधारित कौशल प्रशिक्षण तथा पॉलिटेक्निक डिप्लोमा द्वारा मिलने वाले रोजगार अवसरों की विस्तार से जानकारी दी।



### निर्माण एजेंसी को समय पर निर्माण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने सांदीपनि विद्यालय की बिल्डिंग का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमुआ

जिले के कलेक्टर ने शुक्रवार को दमुआ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत का अवलोकन किया। दौरे की शुरुआत संदीपनि विद्यालय से हुई, जहाँ कलेक्टर ने नव-निर्मित स्कूल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं, निर्माण गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं उपलब्ध सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। निर्माण एजेंसी को समय पर निर्माण कार्य पूर्ण कर शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान जिला सीईओ अग्रिम कुमार,एसडीएम कामिनी ठाकुर,बीएमओ सुरेश नागवंशी,सीईओ रश्मि चौहान तसीलदार राजेंद्र टेकाम मोहित बोरकर,संजय मसराम अन्य



विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहेडॉक्टरों की हुई शिकायत निरीक्षण के बाद कलेक्टर दमुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे। अस्पताल परिसर में प्रवेश करते ही कलेक्टर ने व्यवस्था, स्वच्छता, दवा उपलब्धता और मरीजों के लिए मौजूद सुविधाओं की समीक्षा की। इसी दौरान अस्पताल में डॉक्टरों के ड्यूटी टाइम पर मौजूद ने होने और प्राइवेट क्लिनिक संचालित करने वाले डॉक्टर अविनाश धाकड़ की शिकायत भी लोगो कलेक्टर से बताया कि डॉक्टर अपनी सरकारी सेवाओं को दरकिनार कर अपने प्राइवेट क्लीनिक को संचालित करते हैं जिसके लिए ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।लोगो ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टर अक्सर अनुपस्थित रहते हैं, जिसके कारण मरीजों को उपचार नहीं मिल पाता। कई बार गंभीर मरीजों को भी बिना उपचार के वापस लौटना पड़ता है। लोगों ने कहा कि सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की गैरमौजूदगी से जनता परेशान है और व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होती है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## चांदशाह वली के समीप ब्रिज के नीचे अब भी भरा रहता है पानी, जाटाछापर में भी यही हाल

# बंद हुआ परासिया-तामिया मार्ग, वैकल्पिक मार्ग भी खतरनाक






हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

रेलवे विभाग द्वारा परासिया - तामिया मार्ग पर स्तिथ ब्रिज के चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है । जिसके चलते यह मार्ग अप्रैल तक पूरी तरह बंद कर दिया गया है । लोगों की आवाजाही के लिए बाईपास के अलावा दो अन्य वैकल्पिक मार्ग है । जिसमें से एक बेहद खतरनाक है ।लंबे अरसे से परासिया - तामिया मार्ग पर स्तिथ ब्रिज के नीचे पानी भरने और हमेशा जाम लगने की समस्या से अब छुटकारा मिलने की उम्मीद नजर आ रही है । इस ब्रिज के चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है , पर इसका निर्माण पूरा होने तक लोगों को आने - जाने में थोड़ी तकलीफ उठानी पड़ेगी । परासिया में रेलवे द्वारा अबतक बनाएं गए ब्रिज की हालत देखते हुए यह बात दावे के साथ यह कहना मुश्किल है कि ब्रिज बनने के बाद यहां पानी नहीं रुकेगा । क्योंकि चांदशाह वली के समीप ब्रिज के नीचे अब भी पानी भरा रहता है । जाटाछापर में भी यही हाल है । जी एम ऑफिस के पीछे भी जो ब्रिज बनाया गया है , वहां भी ब्रिज के नीचे पूरे टाइम पानी भरा रहता है । उम्मीद है , कि यहां ऐसा न हो । बाकी तो निर्माण करने वालों की कला कौशल पर निर्भर करता है । बहरहाल लोगों को आने - जाने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना पड़ेगा जो लंबे होने के साथ तकलीफदेह भी है

### खतरनाक है वैकल्पिक मार्ग

दो पहिया और तीन पहिया वाहनों के लिए दो वैकल्पिक मार्ग है । एक रिंक टाकीज के सामने या ई डी सी से होते हुए परासिया वार्ड एक ओझा मोहल्ला होकर यूनिक कॉलेज के बगल से होकर साईं मंदिर के पास परासिया - जामई मार्ग पर निकलता हैं । यहां इस मार्ग पर हाल ही में अंडर ब्रिज बना है , जहां पानी भरा रहता है , यहां से गुजरना जोखिम भरा है ।

### खतरे से खाली नहीं

दूसरा वैकल्पिक मार्ग मैगजीन लाइन से पुराने डी एस पी ऑफिस के बगल से होते हुए , रेलवे के पुराने ब्रिज के नीचे से होकर वेयरहाउस के सामने निकलता है । यह मार्ग बहुत ही उबड़ - खाबड़ है । मार्ग को चलने लायक बनाने के लिए गिट्टीयां डाली गई हैं । जिसके चलते वाहन फिसल रहे हैं । यहां से केवल दो पहिया वाहन ही आ जा सकते हैं । ब्रिज के नीचे बहुत गड्ढे हैं , जिनमें पानी भरा रहता हैं । पता ही नहीं चलता कौन सा गड्ढा कितना गहरा है । इस वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना खतरे से खाली नहीं है । खास जब वाहन में महिला और बच्चें साथ हो ।

### लम्बा है , पर सुरक्षित है

परासिया आने जाने के लिए , बड़े , छोटे सभी वाहनों के लिए बाईपास ही सुरक्षित मार्ग है , भले ही थोड़ा लम्बा है , पर यहां से आवाजाही सरल और सुरक्षित होगी ।

## ऐलकापार में संदीप मोहोड़ ने किया शंकर पट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**सौंसर।** नवयुवक शेतकरी संगठन ऐलकापार द्वारा भव्य शंकर पट प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के हस्ते किया गया, इस दौरान श्री मोहन के द्वारा पट प्रतियोगिता के शुभारंभ के बैल जोड़ीयों की पूजा,फीता काटकर का उद्घाटन किया गया।आयोजन में जनपद पंचायत सौसर अध्यक्ष संजय भुते,ऐलकापार सरपंच नामदेव पांडे,तिनखेडा सरपंच हरी धुर्व,शेषराव जिचकार, खेमराज सोनेकर मनोज उईके, रामभाऊ कुमरे,रोशन पांडे प्रमुखता से उपस्थित थे मिली जानकारी के अनुसार अलका पर में आयोजित भव्य शंकर पद प्रतियोगिता में सौसर क्षेत्र के अलावा बड़ी संख्या में पांढुर्णा सावनेर कलमेश्वर से भी बिल जोड़ियां ने भाग लिया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ क्षेत्र ऐसी खेल प्रतियोगिताएं होनी चाहिए इससे किसानों का आत्मबल बढ़ता है। आयोजन कमेटी को सफल आयोजन के लिए बधाई देता हूं।

## खेल प्रतियोगिता में पहुंचकर बच्चों से मिले सांसद बंटी साहू



**सौंसर।** शासकीय महाविद्यालय सौसर परिसर में विकासखंड स्तरीय सांसद खेल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है शनिवार को हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छिंदवाड़ा पांढुर्णा सांसद विवेक बंटी साहू , विशेष अतिथि भारतीय जनता पार्टी पांढुर्ना जिला अध्यक्ष संदीप मोहड़, सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा, भाजपा नेता संतोष सौसर नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे, उषा भमोरे, सौसर भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौसम पालेवाल, शिक्षा सहायक संचालक शिक्षा रश्मि कुसरे, सांदीपनि विद्यालय सौसर प्राचार्य शैलजा बत्रा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विकासखंड सौसर के सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के छात्रों ने हिस्सा लिया था, यह आयोजन 3 दिसंबर से निरंतर यहां पर चल रहा है।आयोजन में शनिवार को छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।आयोजन को संबोधित करते हुए सांसद विवेक बंटी साहू एवं जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के द्वारा खिलाड़ियों को खेल भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन कर जीत हासिल करने की बधाई दी। संचालन शिक्षक प्रदीप गोहत्रे ने किया। ओम साईं विद्यालय द्वारा स्वागत गीत , स्काईलाइन विद्यालय द्वारा वसुदेव कुटुंबकम नृत्य एवं पिरामिड प्रस्तुति, संकल्प विद्यालय द्वारा मेरे राम आए हैं नृत्य, सांदीपनि विद्यालय सौसर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर प्रस्तुति, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सौसर द्वारा गोंडी लोक नृत्य किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में शासकीय अर्थशास्त्रीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ 466 मरीजों का उपचार, 8 मरीज रेफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में 100 दिवसीय सेवा संकल्प एवं स्वास्थ्य की श्रंखला में शनिवार को 81 वा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शिवपुरी मंडल के ग्राम पंचायत हर्रई में किया गया। जिसमें जिला स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कॉलेज तथा विभिन्न समाजसेवी और साजाजिक संस्थाओं ने सहयोग प्रदान किया। शिविर का शुभारंभ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। शिविर के दौरान 466 लोगों का उपचार कर निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया, इस दौरान 8 मरीजों को उचित उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवी पाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छिन्दवाड़ा व पाढुंर्णा जिले में आयोजित हो रहे शिविरों में यदि कोई गंभीर मरीज मिल रहा है तो उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर करके उचित उपचार किया जा रहा है। यदि जरूरत पड़ी तो गंभीर मरीजों को नागपुर और अन्य महानगरों में स्थित मेडिकल कॉलेजों में भेजकर उचित उपचार किया जायेगा। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश का सतत विकास हो रहा है। पिछले पांच वर्षों से 80 करोड़ देशवासियों को निःशुल्क राशन प्रदान किया जा रहा है जिसे आगे बढ़ाकर 5 साल और कर दिया गया है।

मंडल अध्यक्ष देवी पाल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत लोगों को 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार दिया जा रहा है। अब जरूरत मंद लोगों को सीधे उनके खाते मे राशि भेजकर शासन कि योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## तर्कशील समिति ने किया वैज्ञानिक सोच, मोटिवेशन कार्यक्रम



**सौंसर।** नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को पुरस्कार वितरण एवं मोटिवेषन कार्यक्रम हुआ। तर्कशील विचार समिति के आयोजन में श्रीकांत सिरपुरकर एवं डॉ वासुदेव ढोक स्मृति में बोर्ड परिक्षा के विद्यार्थी के अलावा संस्था की और से अन्य विषयों के प्रतिभागियों को अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया गया। अंधविश्वास उन्मूलन के लिए वैज्ञानिक चेतना अभियान में वैज्ञानिक सोच विकसित करते हुए प्रयोग के माध्यम से विद्यार्थियों को मोटिवेट किया और बताया कि किसी भी चमत्कार के पीछे किस तरह हाथ की सफाई या वैज्ञानिक कारण होते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक रामभाउ भक्ते ने की। मुख्य अतिथि माधुकर गांवडे,अमित तातेकर,सूर्यकीर्ति काले, कीर्तिसागर बागडे, राजरत्न बागडे, थे। संस्था सचिव पीकेएस गुर्वे ने प्रास्ताविक में संस्था के गतिविधियों और पुरस्कारों की जानकारी दी। तर्कषील संस्था के बाल वैज्ञानिक कृणाल पातुरकर,सुशील गुर्वे ने अंधविश्वास में चमत्कारों के पीछे छूपे हुए वैज्ञानिक कारण एवं अन्य रहस्यों को प्रयोगों के माध्यम से स्पष्ट किया। कार्यक्रम का संचालन दिनकर पातुरकर ने किया। तर्कशील संस्था से योगेश गौतम, एकनाथ गुर्वे, गणेश ढोक, अंकित धामनकर, अधिवक्ता रामशीला शंकर सूर्यवंशी, संविधान बचाव संघर्ष समिति से अमोल रंगारे व स्कूल स्टॉफ उपस्थित था। कक्षा 12 वी में उत्कष्ट विद्यालय से अदिती अशोक अढाउ को श्रीकांत सिरपुरकर स्मृति पुरस्कार, सलोनी वसंता फरकसे जीवन विज्ञान विषय, कक्षा 10 वी में सर्वाधिक अंक पाने पर भावेश मनोहर लांजेवार, एवं कन्या स्कूल से कीर्ति पांडूरंग लोही कक्षा 12 वी भूगोल विषय व स्वाती विनोद टेकाम को संस्कृत विषय में वासुदेव बलवंत ढोक स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## शुरू हुआ सड़क का मरम्मत कार्य, नहीं करना पड़ा चक्काजाम

**परासिया :-** परासिया बी जी साइडिंग से रावनवाड़ा मार्ग में मरम्मत कार्य शुरू होने के चलते शनिवार को प्रस्तावित चक्काजाम करने की जरूरत नहीं पड़ी । वेकोलि प्रबंधन द्वारा मरम्मत कार्य शुरू करा दिया गया है ।गौरतलब है , कि कांग्रेस के तेज - तर्रार नेता और परासिया जनपद के भूतपूर्व अध्यक्ष और पूर्व उपाध्यक्ष रईस खान ने बीते मंगलवार को उक्त सड़क की मरम्मत के लिए महाप्रबंधक को पत्र लिखा था और तीन दिनों में मरम्मत कार्य शुरू नहीं होने पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी थी । शनिवार को सुबह 10 बजे बी जी साइडिंग में चक्काजाम प्रस्तावित था और रईस खान अपने समर्थकों और स्थानीय लोगों के साथ बी जी साइडिंग पहुंच गए थे , लेकिन प्रबंधन की ओर से मरम्मत कार्य के लिए मटेरियल डाल देने के चलते चक्काजाम स्थगित कर दिया गया । बता दें , कि इस मार्ग पर शंकरगढ़ , हर्रई , रावनवाड़ा में जगह - जगह बड़े - बड़े गड्ढे हो गए हैं । जिसके चलते आवाजाही के दौरान लोगों के वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे थे । सड़क दुर्घटनाओं में भी इजाफा हुआ है । सड़क की मरम्मत होने के बाद लोगों को राहत मिलेगी ।

## दुधारा में फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक

**कटंगी।** कथित तौर पर शेयर मार्केट और ट्रेडिंग में निवेश से जुड़ा कामकाज करने वाले एक 25 वर्षीय युवक ने खेत में एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक दो दिन पहले वारासिवनी जाने की बात कहकर घर से निकला था। आज गांव में स्वयं के खेत में एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका हुआ शव बरामद किया गया। युवक ने आत्महत्या किन कारणों की वजह से की है पुलिस इसकी जांच में जुट चुकी है। मिली जानकारी अनुसार कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाम दुधारा के युवक प्रज्ञा रत्न पिता सूर्य प्रकाश बोरकर का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ बरामद किया गया। शनिवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे शव देखा गया। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया और पंचनामा कार्रवाई के बाद दोपहर करीब साढ़े 03 बजे शव को पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया गया। मृतक के परिजनों के मुताबिक वह वारासिवनी में किराए के मकान में रहता था और वहीं पर शेयर मार्केट और ट्रेडिंग से जुड़ा कामकाज किया करता था जिसे वह ऑनलाइन का काम कहा करता था। पुलिस जांच के बाद ही आत्महत्या के सहीं कारण का पता चलेगा।

## जिला बैडमिंटनशिप बैहर 2025 में वारासिवनी के आर्ष, दिव्यांश, अनमोल व मौलिक ने जीते पुरस्कार, हुए सम्मानित




**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** सुभाष मेमोरियल चक्रवर्ती पब्लिक स्कूल बैहर के परिसर में 2 दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ एवं समापन समारोह 2025 पारितोषिक वितरण कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ।

स्वर्गीय तपन चक्रवर्ती के स्मृति में जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 में विभिन्न आयु वर्गो के 60 से अधिक प्रतिभागी खिलाडिय़ों ने अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये वरीयता स्थान प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान खिलाडिय़ों को अतिथियों के हस्ते नगद राशि, स्मृति चिन्ह, ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वारासिवनी सिविल बैडमिंटन क्लब के सचिव एवं टीम मैनेजर गणेश सिंह ठाकुर ने बैहर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2025 के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि प्रतियोगिता में जूनियर एवं सीनियर विभिन्न आयु वर्ग समूहों में बैडमिंटन खिलाडिय़ों ने अपना-अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये विजेता एवं सान्त्वना पुरस्कार का अपने आपको भागीदार बनाया है।

इस प्रतियोगिता में 13 वर्ष आयु समूह में एकल बैडमिंटन स्पर्धा में विजेता विशाल सिरसाज, प्रजेता वयम माहेश्वरी बालाघाट, सांत्वना पुरस्कार आर्ष कटरे वारासिवनी, 15 वर्ष आयु वर्ग में विजेता मौलिक देशमुख, प्रजेता दिव्यांश नगपुरे वारासिवनी, तृतीय अविनाश भरतगान मलाजखण्ड रहे। 17 वर्ष आयु वर्ग में विजेता वंश पंवार राजपूत बैहर, प्रजेता अनमोल आहूजा वारासिवनी, सांत्वना पुरूस्कार के भागीदार नैतिक मलाजखण्ड रहे। ओपन प्रतियोगिता में विजेता अमित उइके, प्रजेता डॉ. विशेष नाग बने। युगल ओपन में बालाघाट के खिलाड़ी अमित उइके एण्ड पार्टनर हर्ष भीमटे ने विजेता का खिताब अपने नाम किया, वहीं वारासिवनी सिविल बैडमिंटन क्लब के युवा खिलाडिय़ों में अनमोल आहूजा एवं मौलिक देशमुख ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुये उपविजेता की ट्राफी पर कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कब्जा जमाने में सफलता अर्जित किया।

अन्य वर्गो में भी प्रतिभागी वरिष्ठ खिलाडिय़ों को बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजन समिति द्वारा पुरस्कार प्रदान कर समापन एवं पुरुस्कार समारोह में सम्मानित किया गया, जिसमें रूपेश रिंकु मिश्रा (कोच) एंड पार्टनर राजेश हनवत बालाघाट शामिल है।

इस प्रतियोगिता में वारासिवनी सिविल बैडमिंटन क्लब के युवा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें अनमोल आहूजा, मौलिक देशमुख, दिव्यांश नगपुरे, चिराग चिमनानी, अंशु दलवानी, आर्ष कटरे, उपांशु चौबे एवं मान खण्डेलवाल टीम मैनेजर एवं कोच की भूमिका गणेश सिंह ठाकुर ने कुशलतापूर्वक निभाई।

### तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बड़पानी की घटना

# सुसाइड नोट लिखकर युवती ने की आत्महत्या



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़पानी में एक युवती ने सुसाइड नोट लिखकर कुएं में कुदकर आत्महत्या कर ली। युवती ने अपने सुसाइड नोट में गांव के ही एक युवक की हरकतों से तंग आकर आत्महत्या जैसा कदम उठाने का आरोप लगाया है। जिसके बाद पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। शनिवार की सुबह करीब 6 बजे युवती के परिजनों ने घर के पीछे बने कुएं में सुसाइड नोट और चुनरी देखी जिसके बाद महकेपार चौकी पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बरामद कर पंचनामा कार्रवाई करने के बाद दोपहर साढ़े 3 बजे शव का पोस्टमार्टम करने के लिए शव को सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया। मिली जानकारी अनुसार ग्राम बड़पानी की 25 वर्षीय युवती पल्लवी बिन्झाड़े ने सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या की है। युवती ने गांव के निकेश उर्फ निक्कु गौतम को अपनी मौत का कारण बताया है। युवती ने शुक्रवार की रात परिजनों के सो जाने के बाद कुंए में कुदकर आत्महत्या की और शनिवार की सुबह परिजनों को इसकी जानकारी मिली।

मृतक युवती के चाचा हरेन्द्र गौतम के अनुसार 01 दिसंबर को रायपुर से एक परिवार पल्लवी को देखने के लिए बड़पानी आया हुआ था। निक्की गौतम ने उस परिवार को बताया था कि युवती और उसके बीच प्रेम-प्रसंग है। जिसके बाद रायपुर से आए परिवार ने पल्लवी के पिता से फोन पर रिश्ता करने से इंकार कर दिया था। यह बात जब पल्लवी को पता चली तो वह काफी तनाव में थी। इस पूरे घटनाक्रम के बीच शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि युवती ने सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली। तिरोड़ी थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या ने बताया कि मर्ग कायम जांच विवेचना में लिया गया है।

**सुसाइड नोट में लिखाः** पल्लवी ने अपने सुसाइड नोट में लिखा मैनें एक गलती की मोबाइल पकड़ी बाकि कुछ गलती नहीं की। ना मिलने गई न कुछ गलत काम की नहीं। शादी करूंगी बोली बस। कुत्ते को समझाई पर कुत्ते ने जी सकूं ऐसी जिंदगी मेरी रखा नहीं। अब मैं जीना चाहती भी नहीं। कुत्ते के कारण क्या-क्या नहीं सुनी। घर में दो साल तक परिवार वालों का टेंशन ली पर मुझे पता है मैं सही थी। पर और बेइज्जती सहने की हिम्मत नहीं है। नहीं जीने की हिम्मत है। मेरे कारण पूरे परिवार को बेइज्जती सहनी पड़ी आये रिश्ते को भी तोड़ा मैं मां बाप के मर्जी से करना चाहती थी। मेरी मौत का कारण निक्कु गौतम है।

### इनका कहना है

शव को बरामद करने के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है।

**कौशल कुमार सूर्या, थाना प्रभारी तिरोड़ी**

### शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकादमी लांजी के खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन

# लाँजी के 4 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्य प्रदेश एमेच्योर वालीबॉल एसोसिएशन के सानिध्य में जूनियर खिलाड़ियों के ट्रायल का आयोजन बैतूल के नगर पंचायत खेल मैदान में 5 दिसंबर को आयोजित किया गया था। जिसमें छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिवनी एवं बैतूल के जिले के खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में हिस्सा लिया।

इन चार जिलों के खिलाड़ियों में 12 खिलाड़ियों का चयन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जाना था। जिसमें शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकादमी लांजी के चार खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमे राजीव चोरवाड़े, तुषार गौतम, भारती लहरोनिया, कीर्ति उपराडे ने लांजी से चयन ट्रायल में हिस्सा लिया और अपनी अपनी स्किल, ओर खेल के जरिये चारों ही खिलाड़ियों ने अपना स्थान राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पक्का किया।

लांजी से चारों ही खिलाड़ी शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स अकादमी में ब्लॉक समन्वयक एवं प्रशिक्षक प्रज्ञात वासनिक के कुशल नेतृत्व में नियमित रूप से खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। 6 दिसंबर से 8 दिसंबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता नरसिंहपुर में अकादमी के चारों खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। खिलाड़ियों का चयन होने पर दुर्गेश फुलारे (प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी), जी. आर. चिखले, नवीन रामटेक्कर, राकेश मर्सकोले, अजय कारसर्प, भगवन्ति खान (प्रशिक्षक), विनोद चौधरी, विनय सातपुते, साहिल पांडे, वरुण बड़मे, नवीन मात्रे, यश वानखेड़े, एवं सभी सीनियर खिलाड़ीयों ने चयनित खिलाड़ीयों के उज्वल भविष्य कामना की एवं शुभकामनायें दी।

## लांजी पुलिस की बड़ी सफलताः 8 माह से फरार दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्शकांत शुक्ला के आदेश पर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लांजी ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम ने 8 माह से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना लांजी के मर्ग क्रमांक 08/2025 की जांच दौरान आरोपी अल्केश टेम्भुरने के विरूद्ध अपराध क्रमांक 84/2025 धारा 107, 65 (1) BNS 3, 4 पॉक्सो एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी कायमी दिनांक से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने सूझबूझ और तकनीकी कार्यशैली के आधार पर आरोपी को ग्राम चिखमारा से गिरफ्तार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लेकर वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी को जेल दाखिल कर दिया गया है। इस सफलता में थाना प्रभारी लांजी उनि दीप सिंह परमार, उनि सुन्दरलाल पवार, आर सुरेन्द्र सिंह चंदेल, आर पवन धाकड, आर चेतन सोनी, आर रूपसिंह रावत, आर चंचलेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# राजा लिल्हारे पर सांप का जहर बेचने का लगाया आरोप

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिलाध्यक्ष आशुतोष बिसेन ने किया आरोपों का खंडन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुई जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन और उनके पुत्र आशुतोष बिसेन को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल है। यह वीडियो नदियों के संरक्षण और रेत को लेकर लगातार आवाज उठाने वाले राजा लिल्हारे ने अपलोड किया है। इस वीडियो को राजा लिल्हारे ने कैप्शन दिया है कि 'क्या भाजपा नेता केसर बिसेन के बेटे आशुतोष बिसेन कटंगी विधानसभा क्षेत्र से नदियों को खोखला करके रेत की चोरी कर रहे हैं।' इस वीडियो के अपलोड होने के बाद सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म में यह वीडियो वायरल हो गया। जिस पर अब अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष आशुतोष बिसेन ने संज्ञान लिया है। उन्होंने शनिवार को दोपहर 12 बजे अपने निवास से एक वीडियो बयान जारी करते हुए कहा कि उनका रेत के कारोबार से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि वह लगातार बाहर दौरे पर थे इस बीच उनके पास यह वीडियो पहुंचा है। वह कहते है कि उन्होंने स्वयं के कॉलेज का कार्य निर्माणाधीन है उसके लिए भी हरदोली के युवाओं से 3 हजार रुपए प्रति ट्राली का पैसा देकर रेत खरीदी है। उन्होंने कहा कि वह चाहते है कि उनके क्षेत्र के लोगों को कम दाम में रेत मिलना चाहिए। प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने वाले को 3 हजार रुपए ना देना पड़े।

आशुतोष बिसेन ने राजा लिल्हारे पर पटलवार करते हुए कहा वह जिले के लोकप्रिय लोगों और प्रशासनिक लोगों के खिलाफ भद्दी भाषा का इस्तेमाल करता है। राजा लिल्हारे एक गुर्गा है। इसके पीछे कुछ राजनीतिक लोग है जो इस जिले के लोकप्रिय और प्रतिष्ठित लोगों की छवि खराब करने का उसे ठेका देते है। उन्होंने कहा कि इस जिले के भीतर अवैध खनन हो रहा है तो जिले में ईमानदार एसपी है। जिनके रहते जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगा हुआ है। जिले में कलेक्टर है जिला खनिज अधिकारी है। यह सभी लोग है जिनके पास शिकायत करनी चाहिए। अगर वह कोई गलत काम कर रहे है तो उनके खिलाफ भी जांच होगी और वह गलत हुए तो न्यायालय के समक्ष उसका जवाब दिया जाएगा। आशुतोष बिसेन कहते है राजा लिल्हारे कौन होता है जो सोशल मीडिया के जरिए किसी पर कीचड़ उछाले।

आशुतोष बिसेन ने कहा कि आज हर व्यक्ति रोटी, कपड़ा और मकान चाहता है। मकान बनाना है तो सीमेंट, रेत, गिट्टी लगना ही है। बिना रेत के क्रांकीट तैयार हो रही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि अगर कहीं अवैध उत्खनन हो रहा है तो प्रशासन कार्रवाई करें किसी ने प्रशासन को रोका थोड़ी है। आशुतोष ने कहा कि मेरे कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने से दिक्कत है।

**खबर संक्षेप**

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में दंत चिकित्सा शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ब्रह्माकुमारी संस्थान सिवनी के लोनिया रोड पर स्थित सेवा केंद्र शांति शिखर में रविवार 7 दिसंबर 2025 को 11.30 से 1.30 तक दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके अंतर्गत बिसेन हॉस्पिटल सिवनी से पधारे डॉक्टर अभिनव सिंह के द्वारा दांतों की देखभाल के बारे में बुनियादी जानकारी, दंत चिकित्सा उपचार और उससे जुड़ी अफवाहों की जानकारी, उचित ब्रशिंग के तरीके की जानकारी दी जाएगी और साथ ही साथ निशुल्क जांच भी किया जाएगा। अतः सभी सिवनी नगर वासी 7 दिसंबर सुबह 11 बजे ब्रह्माकुमारी संस्थान लोनिया रोड शांति शिखर सिवनी पहुंचकर अपने दांतों की सुरक्षा हेतु जानकारी प्राप्त करें।

# पर्यटन विभाग की 2 करोड़ 24 लाख रुपए की भूमि अतिक्रम मुक्त



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** तहसील कुरई, ग्राम कोहका, पटवारी हल्का नंबर 49 में राजस्व विभाग द्वारा पर्यटन विभाग की शासकीय भूमि (खसरा संख्या 66/2) पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर भूमि को मुक्त कराया गया। इस प्रकरण में क्रमांक 0007/68 दर्ज किया गया। राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि का कुल क्षेत्रफल 3.28 हेक्टेयर है, जिसका शासकीय मूल्य लगभग 2 करोड़ 24 लाख रुपए आंका गया है। इस कार्रवाई से भूमि पुनः सरकारी उपयोग हेतु सुरक्षित हुई है।

# बुजुर्ग का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

किंदरई थाना क्षेत्र में एक 58 साल के बुजुर्ग का खेत में बने टपरे पर शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। यह घटना शुक्रवार सुबह कोहका टोला गांव के पास की है।

आज सुबह कुछ ग्रामीण खेत के पास से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने टपरे में एक व्यक्ति को फंदे पर लटका देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना किंदरई पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को फंदे से नीचे उतारा, पंचनामा बनाया और पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र राजपूत ने बताया कि उन्हें खेत के टपरे पर एक व्यक्ति के फांसी पर लटके होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मर्ग कायम करलिया है और मामले की जांच की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। व्यक्ति की मानसिक स्थिति ठीक नही थी। फिलहाल घटना को लेकर परिजनों और लोगो से पूछताछ की जा रही है।

### स्कूटी और बाइक की टक्कर,तीन घायल

सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में मेहता ग्राम के पास शुक्रवार देर रात स्कूटी और बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से दो को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। स्कूटी सवार समनापुर से घंसौर की ओर जा रहे थे, वहीं बाइक सवार घंसौर से कहानी की तरफ आ रहे थे। मेहता ग्राम के समीप पहुंचने पर दोनों वाहनों में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कुंदन लाल (60 वर्ष), संतोष सराठे (40 वर्ष) और सूरज कमरे (40 वर्ष) घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर लाया गया।घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया घायलों में से कुंदन लाल और संतोष सराठे की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सूरज कमरे का इलाज घंसौर अस्पताल में जारी है।

# बंडोल क्षेत्र के सुनाडोंगरी के नंदन वेयरहाउस में अव्यवस्थाओं आलम

## किसानों के लिए ना तो पानी की व्यवस्था है ना ही टॉयलेट की व्यवस्था

बंडोल। जिले में धान खरीदी की शुरुआत अव्यवस्थाओं के बीच शुरू हुई है कुछ ऐसी ही अव्यवस्था बंडोल क्षेत्र के सुनाडोंगरी के नंदन वेयरहाउस में देखने को मिल रही है जहां पर धान खरीदी होना है उन वेयरहाउस में किसानों के लिए ना तो पानी की व्यवस्था है ना ही टॉयलेट की व्यवस्था है वेयरहाउस के आसपास कोई भी बाउंड्री वॉल तक नहीं है और ना ही धान तौलने के लिए फर्श तक नहीं है किसान अपनी धान क्या मिट्टी में रखेगा शासन प्रशासन ने इस वेयरहाउस का चयन कैसे किया यह भी सोचने का विषय है उक्त वेयरहाउस में तकरीबन 20-22 गांव के किसानों की धान तुलना है। रात रात भर किसान अपनी धन दिलवाले के लिए वेयरहाउस की प्रांगण में अपना डेरा जमाए रहते हैं फिर भी किसानों को कोई भी सुविधा नहीं मिलती नंदन वेयरहाउस में तो किसानों ने बताया कि यहां पर धान तूल ही नहीं सकती पुरी रोड में बड़े-बड़े पत्थर डाले हुए हैं ट्रैक्टर कैसे वहां तक पहुंचेंगे क्षेत्र के किसानों ने कलेक्टर विधायक से मांग की है कि धान तुलवाने के लिए केंद्र बदल जाए।

# भाजपा सरकार नें किसानों की आय को आधा करनें में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी-खुराना

## कांग्रेस का आंदोलन 10 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

किसानों को उनकी उपज का उचित दाम नही मिल पा रहा है धान और मक्का जो कि खरीफ की फसल है ,का हमारे क्षेत्र के किसानों की आमदनी का एक बड़ा हिस्सा है, जो कि ईश्वर की देन है यह वह फसल है जो हर किसान लगा सकता है चाहे उसके पास सिंचाई का साधन हो या फिर न हो ,उसकी ज़मीन कैसी भी हो हमारे प्रदेश के बहुत से किसान तो केवल ख़रीफ़ ( बरसात) की फसल पर ही निर्भर रहते हैं ,किंतु केंद्र की भाजपा सरकार नें मक्का विदेशों से आयात की नीति बनाकर आज हमारे प्रदेश की मक्का की फसल को औने-पौने दामों 1200 से 1400 रुपये में बेचने को मजबूर कर इस ईश्वरीय देन से किसानों को वंचित करनें का कुत्सित कार्य किया है ,मक्का ऐसी फसल है जिसको ज्यादा समय तक इक_ा करके नही रख सकते हैं, मक्के की फसल में एक एकड़ में लागत लगभग 20 से 25 हजार रुपये आती है किसानों की आय दुगुनी करने की मोदी की गारंटी और गेहूँ 2700 और धान 3100 की कीमत पर खरीदी करने की गारंटी देने वाली भाजपा सरकार नें किसानों की आय को आधा करनें में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है आपको याद होगा कि मूँग खरीदी के समय पर जहरीली मूँग बोलकर अडंगा लगाने वाले मोहन यादव को किसानों के दवाब में झुकना पड़ा,भविष्य में फिर अड़ंगा लगा सकते हैं, क्योंकि अभी धान खरीदी पर भी उन्होंने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अड़ंगा लगाने का कुत्सित प्रयास किया गया था ये शुद्ध रूप से किसान विरोधी सरकार है,एक तो समय पर यूरिया ,डी ए पी मिल नंही पाती और दूसरी ओर खरीदी को भी बहुत जटिल बना दिया गया है। सभी किसान भाइयों से अपील है कि दिनाँक 10 दिसम्बर को किसानों की समस्या को लेकर जिला कॉंग्रेस कमेटी के द्वारा किये जा रहे आंदोलन में शामिल हों, क्योंकि कंही ऐसा न हो किसानों की फसल बिक जाए और सेठों की गोदामें भर जाये तब यही मक्का 2000--2200र रुपए क्विंटल बिकनें लगे जब मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 प्रति क्विंटल सरकार ने घोषित किया है और कर्नाटक और तेलंगाना में तो किसानों को 2400/ के साथ साथ परिवहन के लिए भी 283 रुपये दिये जा रहे हैं तब मध्यप्रदेश सरकार की यह नैतिक ज़िम्मेदारी बन जाती है कि कि गरीब कृषक द्वारा अपने परिश्रम एवं लागत से उत्पन्न फसल का समर्थन मूल्य दिलाये।

हमारे जनप्रतिनिधि सरकार पर दबाव बनाये और उचित मूल्य दिलाकर किसानों के आसूं पौंछें। जहां नमक जैसी छोटी वस्तु भी छपे दाम पर मिलती है,वहां बहुसंख्यक किसान के साथ अन्याय क्यों ? दलगत राजनीति से हटकर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा किसानों के हित में 10 दिसंबर दिन बुधवार दोपहर 12 बजे कचहरी चौक में किए जा रहे आंदोलन में शामिल होकर किसानों की आवाज़ को बुलंद करें।

# बस स्टैंड सिवनी में अराजकता का माहौल,जिम्मेदार है मौन

बस स्टैंड सिवनी में अराजकता का माहौल आए दिन देखने को मिल रहा है। पुलिस की मुस्तेदी के अभाव में व पुलिस गस्ती की कमी के चलते बस स्टैंड जैसे इलाके में यात्री अपने आप को सुरक्षित नहीं पा रहे हैं। यहां कभी दो गुटों में झगड़ा होना तो कभी बस की टाइमिंग को लेकर बस के चालक-परिचालक व एजेंट के बीच में वाद-विवाद की स्थिति निर्मित होना आए दिन का काम बन गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इस मामले में पुलिस की साख भी गिर रही है। शुक्रवार की रात लगभग 9 बजे लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्राइवेट बस स्टैंड में बस की टाइमिंग और कमीशन एजेंट के बीच में वाद विवाद की स्थिति निर्मित हुई। जिसके कारण बस चालक परिचालक ने बस को बस स्टैंड में ही खड़ी कर दिया। जिसके चलते बस में बैठे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। व समय पर अपने घर व अपने गन्तव्य में नहीं पहुंच पाने की चिंता से भी ग्रसित देखे गए। पुलिस भी काफी देर तक मूकदर्शक बनी नजर आ रही थी।



वही पुलिस कंट्रोल रूम में सभी बस ऑपरेटर की बैठक का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य लगातार बस स्टैंड से मिल रही शिकायतों के संबंध में था जिसमें की कुछ बस ऑपरेटर आपस में विवाद की स्थिति निर्मित कर रहे हैं एवं परमिट को लेकर उनमें यह विवाद की स्थिति बन रही है। इस हेतु थाना प्रभारी कोतवाली थाना प्रभारी यातायात एवं क्योंकि समस्या परमिट से संबंधित है इसलिए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के उपस्थिति में उक्त बैठक का आयोजन किया गया एवं पुलिस द्वारा सभी ऑपरेटर को हिदायत दी गई की किसी भी स्थिति में विवाद की स्थिति निर्मित ना हो अन्यथा सख्त कार्यवाही की जावेगी।

# अंडर-15 इंटर डिवीजनल एम एम जगदले ट्रॉफी के लिए फ़ैज़ कबीर व रुशिल खेड़ीकर का हुआ चयन





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों ने एक बार फिर निरंतर प्रयास, मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते जबलपुर संभागीय टीम में जगह बनाया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव शाहिद नज़ीर ने बताया की फ़ैज़ कबीर और रुशील खेड़ीकर का चयन प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अंडर-15 इंटर डिवीजनल एम एम जगदाले ट्राफी के लिए हुआ है। फ़ैज़ और रुशील के चयन से जिला क्रिकेट संघ को उम्मीद है जबलपुर संभाग के लिए अंडर-15 इंटर डिवीजनल एम एम जगदले ट्रॉफी में जबलपुर संभाग से खेलते हुए फ़ैज़ कबीर और रुशील खेड़ीकर अपने बेहतरीन कौशल, आत्मविश्वास और खेल भावना से टीम और सिवनी जिले का नाम रोशन करेंगे। दोनों खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल होने जबलपुर के लिए रवाना हो गए। फैज और रुशील को मिली इस उपलब्धि पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजकुमार पप्पू खुराना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद दत्त दीक्षित, सचिव शाहिद नज़ीर, एडवोकेट पंकज शर्मा, सुरेंद्र राजपूत, जयराज सिंह सेंगर, जय श्रीवास्तव, राकेश जैन, प्रदीप नखाते, निरंजन बंटी सराठे, गोंची नागलकर, शुभम तिवारी, बंटी बिसेन सहित समस्त क्रिकेट प्रेमियों और जिला क्रिकेट संघ सिवनी के समस्त सदस्यों ने उन्हें बधाईयां प्रेषित करते हुए उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# द्वारकाधीश मंदिर व शंकराचार्य आश्रम का प्राण प्रतिष्ठा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

शीलादेही स्थित शंकराचार्य आश्रम परिसर में 07 दिसंबर को द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की से संबंधित एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी है। इस बैठक में पूज्य शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज के प्रतिनिधि श्रीविद्यानंद जी उपस्थित रहेंगे। जिनके मार्गदर्शन में आयोजन की सफलता के लिये विस्तृत कार्ययोजना और व्यवस्थाओं संबंधी चर्चा की जायेगी ।

इस बैठक में रूपरेखा, सेवा समितियों का गठन और वैदिक व सांस्कृतिक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के वृहद आयोजन में देश के अनेक धार्मिक संत महात्माओं की उपस्थिती के साथ अनेक वीवीआईपी शामिल होंगे आयोजन की गरिमा के अनुकूल व्यवस्थाएं की जाना है ।



आयोजन समिति ने बताया है कि यह आयोजन सिवनी व समग्र प्रदेश के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत बनेगा। 07 दिसंबर को आयोजित होने वाली बैठक का उद्देश्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह की कार्यक्रम रूपरेखा निश्चित करना, आवास, भोजन, यातायात एवं सेवा समितियों का गठन, सांस्कृतिक एवं वैदिक अनुष्ठानों की तैयारी, समाज की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करना आदि प्रमुख है। आयोजन समिति ने सभी गुरुभाई, बहनें और धर्मप्रेमी से बैठक में उपस्थित होकर सेवा व सहयोग प्रदान करने का आवाहन किया है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड़ी में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत छात्रों ने ली शपथ

सिवनी, / कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह के विरुद्ध 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में विगत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, मनोज लारोकर तथा वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री ईशा बाल्मिक के मार्गदर्शन में छात्रों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सभी ने सामूहिक शपथ लेकर भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्राचार्य मनीष सिंह, प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सुश्री ईशा बाल्मिक, सेंटर एडमिन श्रीमती नारायणी सक्सेना, केस वर्कर श्रीमती सोनल सक्सेना, शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा छात्र उपस्थित रहे।

# पंचायत उप-निर्वाचन का कार्यक्रम जारी

**सिवनी/** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 उत्तरार्द्ध का कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रमानुसार निर्वाचन सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया 08 दिसम्बर प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ होगी साथ ही मतदान केन्द्रों की सूची तथा सीटों के आरक्षण की सूचना का प्रकाशन भी किया जायेगा। 15 दिसम्बर दोपहर 03 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे तथा प्राप्त निर्देशन पत्रों की जांच 16 दिसम्बर को होगी। अभ्यर्थियों द्वारा 18 दिसम्बर दोपहर 03 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे तथा नाम वापसी उपरांत शेष बचे अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्हों का आवंटन किया जायेगा। जारी कार्यक्रमानुसार 29 दिसम्बर को प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी तथा मतदान केन्द्रों में होने वाली मतगणा मतदान के तुरंत पश्चात संपन्न होगी। उल्लेखनीय है कि उप निर्वाचन वर्ष 2025 उत्तरार्द्ध कार्यक्रम अंतर्गत कुल 24 पंच एवं सरपंच के 03 रिक्त पदों की निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होगी। जिसमें सिवनी जनपद में पंच के 05, सरपंच का 01 पद रिक्त है, कुरई में सरपंच 02, पंच 02, बरघाट पंच 04, छपारा पंच 04, लखनादौन पंच 03, केवलारी पंच 04 तथा धनौरा पंच 02 के निर्वाचन होगा।

# हजारों साधु सन्तों की उपस्थिति में स्वामी स्वदेशानंद का मनाया गया अवतरण दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ की पावन धरा माता महामाया की नगरी रतनपुर में हजारों साधु - सन्तों की गरिमामय उपस्तिथि में अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सनातनी अखाड़ा के संस्थापक संयोजक स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज का अवतरण दिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया। सन्त सम्मेलन तथा अवतरण दिवस कार्यक्रम में दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान, असम, झारखंड, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि प्रदेशों से बड़ी संख्या में साधु - सन्त पहुंचे।

सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा माता महामाया की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित किया गया। अतिथियों का स्वागत शाल और श्रीफल से आदि शक्ति सेना की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सरिता सिंह जी एवम् प्रदेश महामंत्री श्याम तिवारी के द्वारा किया गया। अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद महाराज का अवतरण दिवस संगीत की धुन पर गीत गाकर मनाया गया। पदाधिकारियों के द्वारा महाराज पर फूलों की वर्षा की गई। अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सनातनी अखाड़ा के संस्थापक संयोजक स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने अपने उद्धबोधन में कहा कि संगठन के हर एक साथी की मेहनत एक दिन रंग लाएगी और देश की संसद मे सन्तों का राज होगा। ओ दिन दूर नही जब पूरे विश्व में भगवा लहराएगा और पुनः अखण्ड भारत का निर्माण होगा। स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने कहा कि 2026 में नेपाल हिन्दू राष्ट्र बन जायेगा और 2027 में भारत हिन्दू राष्ट्र होगा। गौ माता को भारत में 2026 में ही राष्ट्र माता का दर्जा मिल जायेगा। स्वामी जी ने कहा की हम जहां अंधेरा हैं वहां दीप जलाने निकले हैं, पूरे विश्व में भगवा लहराने निकले हैं सम्मेलन को अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री ओमनारायण तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि यह संगठन एक दिन विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन कर उभरेगा। तब इस संगठन का हर सदस्य अपने आप में शक्तिशाली होगा। प्रदेश अध्यक्ष जविंदर सिंह सलूजा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बहुत जल्द हम छत्तीसगढ़ में इस संगठन को गांव के अंतिम छोर तक ले जायेंगे। और इसके बाद जो कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में होगा वह देश का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। सभा को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने अपना अवतरण दिवस माता महामाया में दीप प्रज्ज्वलित के साथ पूजा अर्चना कर मनाया।



## विधिक सारक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आदेगांव पुलिस क्षेत्रांतर्गत ग्राम मढ़ी मे जिला न्यायाधीश ललित कुमार झा तहसील विधिक सेवा समिति तहसील न्यायालय लखनादौन जिला सिवनी की उपस्थिति में विधिक सारक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा, एसडीओपी लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के कुशल नेतृत्व में विधिक साक्षरता शिविर मे सफलता पूर्व आयोजन कर आम जन को विधिक साक्षरता शिविर में कानून व्यवस्था के आवश्यक दिशा निर्देशो के पालन में।

## मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण उपरांत मतदान केन्द्रों की संख्या में बढोत्तरी

# जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में 71 मतदान केन्द्र बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सी. एल. चनाप ने बताया कि मतदाताओं की सुविधानुरूप जिले में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव के अनुमोदन पश्चात चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 71 मतदान केन्द्रों की बढोत्तरी हुई है। 1200 से अधिक मतदाता के कारण 62 एवं दूरी के कारण 09 मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण होने से जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या 1407 से बढकर 1478 हो गई है।

जिसमें विधानसभा क्षेत्र बरघाट में अनुमोदन पश्चात मतदान केन्द्रों की संख्या 310 से बढकर 324 हो गई है। जिसमें 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण 13- सापापार,17-तीतरी, 26-खैरलांजी, 29-बिहीरिया, 31-फिटकरीटोला, 61-ऐरमा, 90-खंडासा, 117-सावरीरीट, 123-मुरझोर, 186-जनमखारी, 198-गोरखपुर, 226-मुंडापार तथा 273-चिरचिरा नवीन मतदान केन्द्र बनाया गया है वहीं दूरी अधिक होने के कारण 67-सिंदरिया मतदान केन्द्र बना है।

इसी तरह विधानसभा सिवनी में मतदान केन्द्र 337 से बढकर 357 हो गए हैं। जिसमें 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण 70-सालीवाडा, 81-गुढी, 157-हथनापुर, 168-हिवरा, 171-लूघरवाडा, 182-चुरनाटोला इंदावाडी, 198-पलारी, 241-सिवनी 260-सिवनी, 265-सिवनी, 268-सिवनी, 282-सिवनी, 332-खैरी, 340-डोरली छतरपुर नवीन मतदान केंद्र बनाया गया है वहीं दूरी अधिक होने के कारण 63-खैरमटाकोल,86-पोतलपानी, 107-सालीवाडा, 109-बजरवाडा, 134-भोंगाखेडा तथा 349-बघराज मतदान केन्द्र बना है।

विधानसभा क्षेत्र केवलारी में 353 से बढकर 373 हो गए हैं। जिसमें 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण 07-डुंगरिया छपारा, 18-गोकलपुर छपारा, 42-बिहिरिया, 140-खैरांजी, 153-अहरवाडा कॉलोनी, 159-बोथिया, 174-जामुनपानी, 202-पिपरियाकला, 251-मुंडरईखुर्द, 254-सालीवाडा, 261-पिंडरई, 263-कटिया, 272-महरापिपरिया, 286-कान्हीवाडा, 288-कान्हीवाडा, 298-सिंघोडी, 333-खामी नवीन मतदान केंद्र बनाया गया है वहीं दूरी अधिक होने के कारण 233-समनापुर, 246-डिवठी मतदान केन्द्र बना है।

विधानसभा क्षेत्र लखनादौन में 407 से बढकर 424 हो गए हैं। जिसमें 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण 15-नागनदेवरी, 25-घोघरीनागन, 27-परतापुर, 42-दिवारी, 61-झुरकी, 70-दावाझिर, 71-सिंगारपुर, 261-मढपुरा, 297-गंगई, 307-समनापुर, 311-लखनादौन, 313-लखनादौन, 352-बाम्हनवाडा, 374-बरेलाघाट, 384-कहानी, 386-कहानी, 403-भेडा नवीन मतदान केंद्र बनाया गया है।

# विश्व मृदा दिवस पर छात्राओं ने लिया मिट्टी संरक्षण का संकल्प

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में विश्व मृदा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश सरवैया के संरक्षण में इको क्लब एवं रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. एस. आर. नावांगे (वनस्पति एवं सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक) के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

इस वर्ष विश्व मृदा दिवस की थीम स्वस्थ मृदा, स्वस्थ शहर पर अपने उद्बोधन में डॉ. नावांगे ने बताया कि शहरीकरण से मिट्टी का सील होना, प्रदूषण और सतह पर अत्यधिक कांक्रीट निर्माण मिट्टी के स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिट्टी में मौजूद सूक्ष्मजीव ही उसकी उर्वरता और पर्यावरण संतुलन के प्रमुख आधार हैं। यदि ये सूक्ष्मजीव समाप्त हो गए तो न खेती संभव होगी और न ही शुद्ध वायु उपलब्ध हो पाएगी। उन्होंने जैविक खेती को मृदा उर्वरता बचाने का प्रभावी उपाय बताया। बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा कुमारी प्रीति ठाकुर ने कहा कि मिट्टी में कार्बन की अधिकता होती है और सूक्ष्मजीवों की कमी होने पर यह कार्बन प्रदूषण का कारण बनेगा। पूजा मालवीय, आमना फिरदौस, स्वाति राय, आयशा आदि छात्राओं ने मिट्टी के महत्व को बताते हुए कहा कि मिट्टी केवल गांव और खेती के लिए ही नहीं, बल्कि शहरों के स्वास्थ्य, पानी, हवा और आने वाले भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

डॉ. अनिता बुरडे (रसायन शास्त्र) ने छात्राओं को बताया कि मृदा संरक्षण पर्यावरण के स्वास्थ्य के साथ-साथ भविष्य की पीढ़ी के लिए धरोहर है। माइक्रोबायोलॉजी की सुश्री वर्षा पांडे ने मृदा संरक्षण के विशेष उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण एवं छात्राऐं उपस्थित रहीं।

## अस्पताल की व्यवस्था सुधारने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं :डॉ. निलय जैन

# सिविल सर्जन ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर, सुव्यवस्थित, अनुशासित व मजबूत बनाने के लिए दिए गए निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने 06 दिसंबर को जिला अस्पताल के प्रत्येक वार्ड का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर मेगा राउंड लिया। उनके साथ आर.एम.ओ. डॉ. सुषमा गोयल, मैनेजर इरफान बेग, इंजीनियर अंजू बिसेन, मेट्रॉन, हाउसकीपिंग सुपरवाइजर, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, क्वालिटी कंट्रोल टीम से निशा लिल्हारे, जितेंद्र हरिनखेड़े, संजय श्रीवास्तव और डालचंद निनावे सहित पूरा अमला मौजूद रहा।**

डॉ. निलय जैन ने बताया कि यह निरीक्षण मुख्य रूप से अस्पताल की संपूर्ण व्यवस्था को दुरुस्त करने और विशेषकर ट्रॉमा यूनिट में बिगड़ी व्यवस्था को सुधारकर व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए किया गया है।



सिविल सर्जन डा. निलय जैन ने बताया कि जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए निर्णय लिया गया है कि पुरुषों का ट्रॉमा यूनिट के अंदर प्रवेश प्रतिबंधित किया जाएगा।आशा कार्यकर्ताओं के प्रवेश पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। विज़िटर रजिस्टर में साइन, आधार नंबर और संबद्ध मरीज का नाम लिखना अनिवार्य होगा।लेबर रूम व आपरेशन थियेटर में आशा कार्यकर्ताओं का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।प्रत्येक मरीज की काउंसलिंग वीडियो कैमरे के सामने की जाएगी।

सिविल सर्जन डॉ निलय जैन ने बताया कि अस्पताल में व्यवस्था सुधार के महत्वपूर्ण एवं प्रमुख निर्णय लिए गए हैं। जिसमें मरीजों की जानकारी, गंभीर स्थिति, शिकायतों व पैसों के लेनदेन की सूचना के लिए अनाउंसमेंट कक्ष बनाया जा रहा है। मरीजों की सुविधा के लिए लिफ्ट सेवा पुनः चालू कर दी गई है। मरीजों की सुविधा के लिए 24 घंटे पीने के शुद्ध पानी के लिए दो आरओ प्लांट शुरू किए गए हैं। वार्ड और गलियारों में खाना खाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। जिला चिकित्सालय में 01 जनवरी से टोकन सिस्टम लागू किया जाएगा और इसमें एक मरीज के साथ केवल एक अटेंडेंट को ही अनुमति मिलेगी। अस्पताल परिसर के अंदर प्राइवेट एंबुलेंस का प्रवेश बंद रहेगा।

ट्रॉमा यूनिट में ट्रायज सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। जिसके अंतर्गत प्रवेश के तुरंत बाद प्रत्येक मरीज की जांच मुख्य द्वार पर स्थित ट्रायज रूम में की जाएगी, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, एंटिनेटल (गर्भवती मरीजों के लिए) की जांच कर मरीज को स्थिति के अनुसार उचित वार्ड में भर्ती किया जाएगा। डॉ. निलय जैन ने कहा कि कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय लगातार प्रगति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से अपील की कि वे व्यवस्था को सुचारू रखने में सहयोग दें।

# डॉ वेदप्रकाश लिल्हारे को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी में नव दायित्व कालजयी निर्णय

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की मध्यप्रदेश इकाई की नवगठित प्रबंध समिति में सदस्य के तौर पर जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सक, जनसरोकारी, भाजपा मंडल समनापुर प्रभारी डां वेदप्रकाश लिल्हारे को शामिल किए जाने पर कल जिले प्रबुद्ध जनों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत-सत्कार किया। इस अवसर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेंद्र क्षीरसागर, जिला कार्यालय मंत्री सुमित यादव, जितेन्द्र चौधरी, राजेश लिल्हारे, जिला आईटी सह प्रभारी मोनिल जैन, भाजपा नगर महामंत्री खिमेन्द्र गौतम, संतोष सिंगारे, अजीत वैध, गणेश अग्रवाल, भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे, अनुसूचित मोर्चा नगर अध्यक्ष अखिलेश चौरे, भाजयुमो नगर महामंत्री दीपक लिल्हारे, सिद्धार्थ वाजपेई ने डां वेदप्रकाश लिल्हारे को नव दायित्व शुभकामनएं प्रेषित करते हुए कहा,



यह हमारे लिए गर्व और गौरव का क्षण है कि, डां वेदप्रकाश लिल्हारे जैसे बहुयामी व्यक्तित्व, कृतित्व और अस्तित्व के धनी को इतनी महत्ती जवाबदेही सौंपना सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए कालजयी निर्णय है। यक़ीनन यह मध्यप्रदेश शासन का यह बहू मूल्य कदम निर्णायक सिद्ध होगा।

**निरंतर जनहित के कार्यों में अग्रसर : डां वेदप्रकाश लिल्हारे**

क्रम में नव नियुक्त भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, मध्यप्रदेश इकाई प्रबंध समिति सदस्य डां वेदप्रकाश लिल्हारे ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, पीड़ित मानवता की सेवा व उनके निरंतर विकास हेतु संकल्पित रहना ही रेडक्रॉस सोसायटी का मूल उद्देश्य है। मैं संस्थान के 7 मूल सिद्धांत मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता और सार्वभौमिकता पर कार्य करते हुए निरंतर जनहित के कार्यों में अग्रसर रहूंगा। जनता-जनार्दन, तपोनिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और मध्यप्रदेश शासन का आत्मीय आभार।

## एक करोड़ 14 लाख 10 हजार रूपये का घोटाला उजागर, 17 पर एफआईआर दर्ज

# प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी घोटाला

## मामला नगरपालिका बालाघाट का

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में प्रधानमंत्री आवास योजना में एक करोड़ 14 लाख 10 हजार रुपए के घोटाले का मामला सामने आया है। अक्टूबर महीने में उजागर हुए इस मामले में नगरपालिका ने 133 ऐसे हितग्राहियों को यह राशि जारी कर दी थी, जिन्होंने आवास का निर्माण ही नहीं किया। अब नगरपालिका को इन हितग्राहियों से राशि वसूलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।




शासन के निर्देश के बाद नगरपालिका ने इन हितग्राहियों के नाम सरेंडर तो कर दिए हैं, लेकिन वसूली चुनौती बनी हुई है। नपा सीएमओ के अनुसार, कई हितग्राही आवास छोड़कर चले गए हैं, वहीं कुछ ने अपने आवास बेच दिए हैं, जिससे राशि की वापसी मुश्किल हो गई है।

कलेक्टर मृणाल मीणा लगातार इस मामले की निगरानी कर रहे हैं। वसूली अभियान को लेकर नगरपालिका का अमला सक्रिय है। सीएमओ ने वसूली को लेकर गंभीरता दिखाई है, लेकिन अभी तक पूरी राशि वसूल नहीं हो पाई है।

वसूली में देरी और हितग्राहियों पर कार्रवाई के सवाल पर नपा सीएमओ बी.डी. कतरोलिया ने बताया कि डिफाल्टर हितग्राहियों के नामों की होर्डिंग सार्वजनिक रूप से लगाई गई थी। इसके बाद 6 लोगों पर मामला दर्ज कराया गया। अब राशि जमा न करने वाले 17 हितग्राहियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए थाने में आवेदन दिया गया है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

इसके अतिरिक्त, 56 हितग्राहियों के खिलाफ तहसीलदार कार्यालय से आरआरसी (राजस्व वसूली प्रमाण पत्र) जारी कराई जा रही है। वहीं, 20 से 22 हितग्राहियों की संपत्ति कुर्की की कार्रवाई भी प्रक्रिया में है। सीएमओ ने विश्वास दिलाया कि जल्द ही संपूर्ण राशि वसूल कर शासन को भेजी जाएगी।

नगर पालिका ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत आवास निर्माण के लिए दी गई राशि का दुरूपयोग करने के कारण, पूर्व में नगरीय क्षेत्र बालाघाट के 06 व्यक्तियों के विरूद्ध थाना कोतवाली बालाघाट में एफआईआर दर्ज कराई है।

इसमें खास बात यह है कि जिम्मेदारों ने बिना पड़ताल कर, पति-पत्नी को योजना का लाभ दे दिया। वार्ड नं. 09 लोहार गली के सुरेश सहारे और उसकी पत्नी सुनीता सहारे, दोनों को इस योजना का लाभ दिया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी.डी. कतरोलिया, इन हितग्राहियों को बिना आवास बनाए, पीएम आवास की किश्तें देने वाले जिम्मेदारों पर क्या कार्यवाही कर रहे है यह नहीं बता रहे है।

सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना में आवास ना बनाकर राशि का दुरूपयोग करने के मामले में जिन 6 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उनमें वार्ड नं. 29 के सिकंदर सिंग जूनी पिता भगत सिंग जूनी, वार्ड क्रं. 31 सरेखा बालाघाट के केशरी कावरे पिता जग्गों कावरे, वार्ड नं. 14 बुढ़ी के अजय गौरे पिता आनंद गौरे, वार्ड नं. 32 की शारदा पति लक्ष्मण शेंद्रे, वार्ड नं. 09 लोहार गली के सुरेश सहारे और उसकी पत्नी सुनीता सहारे के विरूद्ध एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

# गौरीभाऊ सकुशल, इलाज के उपरांत आज बालाघाट आगमन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन का आज बालाघाट आगमन हो रहा है। वे सुबह 7 बजे राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली से गोंदिया पहुंचेंगे। पश्चात उनका बालाघाट जिले की पावन धरा पर आगमन होगा। उल्लेखनीय रहे जन-जन के अपने गौरी भाऊ का बीते दिनों अचानक स्वास्थ खराब हो गया था। जिन्हें जिन्हें तत्काल एयरलिफ्ट के माध्यम से दिल्ली



पहुंचाया गया। जो स्वास्थ्य उपचार हेतु दिल्ली के वेदांता अस्पताल में गत दिनों से भर्ती थे। उन्हें हृदय घात के उपरांत दो स्टैंड सुरक्षित लगाए गए। सुखद खबर यह है कि परमात्मा की कृपा और जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से गौरीभाऊ अब पूर्णतः स्वस्थ है। अब इलाज के उपरांत गौरीभाऊ आज सकुशल बालाघाट पहुंच रहे हैं। आगमन की खबर लगते आम जनमानस और उनके शुभचिंतकों में हर्ष की लहर व्याप्त है। आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेंद्र क्षीरसागर ने दी।

## सोनबाटोला और सतरंगी में किया गया कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**बालाघाट।** राजा भोज कृषि महाविद्यालय, मुरझड़ द्वारा मृदा स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सोनबटोला और सरंडी में एक महत्वपूर्ण कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों की जानकारी देना था। संगोष्ठी के पहले तकनीकी सत्र में डॉ. ऋषिकेश ठाकुर ने मिट्टी परीक्षण और पोषक तत्व प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मिट्टी परीक्षण की आवश्यकता और प्रक्रिया के बारे में बताया, साथ ही मृदा स्वास्थ्य पत्रक की व्याख्या और उपयोग पर भी प्रकाश डाला। डॉ. ठाकुर ने फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन की तकनीकों और संतुलित उर्वरक उपयोग से उत्पादन वृद्धि के उदाहरण भी प्रस्तुत किए। दूसरे तकनीकी सत्र में डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने फसल अवशेष प्रबंधन और बायोडाइजेस्टर की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी।

# खैरलांजी महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय बैंकिंग वित्तीय साक्षरता शिविर का हुआ समापन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी मे प्राचार्य श्री के.एल. हिवारे के निर्देशन एवं स्वामी विवेकानंद कॅरिअर मार्गदर्शन योजना कार्यक्रम अधिकारी श्री रोहित कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन मे आयोजित दो दिवसीय बैंकिंग वित्तीय साक्षरता शिविर का 06 दिसम्बर को समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य श्री के. एल. हिवारे द्वारा की गई।

इस अवसर पर प्राचार्य श्री हिवारे ने विद्यार्थियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के महत्व एवं वित्तीय जागरूकता पर प्रेरक उद्बोधन प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित विशेष अतिथि केनरा बैंक प्रबंधक अधिकारी श्री आलोक रोशन गुड़िया ने बैंकिंग वित्तीय साक्षरता से सबंधित विस्तृत और सारगर्भित विभिन्न जानकारी विद्यार्थियों के बीच साझा की एवं बैंक प्रतिनिधि श्री राहुल भगत (विकास खंड समन्वयक, खैरलांजी) ने योजनाओं की संरचना, पात्रता व लाभों पर सरल व महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर श्री महेश लिल्हारे (केनरा बैंक, खैरलांजी) ने बीमा योजनाओं की प्रक्रिया, डिजिटल बैंकिंग, व पेंशन योजनाओं के महत्व को विस्तृत रूप से समझाया। श्री नीलेश (बैंक सुपरवाइज़र) ने योजना मॉनिटरिंग, दावा प्रक्रिया एवं सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार पर दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बालाघाट की प्रमुख भूमिका रही।



शिविर के समापन के दिन रिकॉर्ड संख्या में छात्रों ने पंजीयन कराया। प्राचार्य श्री हिवारे ने बताया कि पहली बार इतने विद्यार्थियों ने लाइव बीमा रजिस्ट्रेशन किया। छात्राओं ने अटल पेंशन योजना में विशेष उत्साह दिखाया। इस दौरान डिजिटल बैंकिंग और सुरक्षा प्रक्रियाओं को भी व्यावहारिक रूप से सीखा गया। छात्र छात्राओं ने बताया कि "हमें पहली बार योजनाओं की पूरी जानकारी सरल और स्पष्ट रूप में मिली। यह हमारे भविष्य के लिए बहुत जरूरी था। वहीं प्राचार्य श्री हिवारे ने कहा कि "सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ छात्रों के उज्वल और सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव रखती हैं। ऐसे शिविर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्री रोहित कुमार पाण्डेय के द्वारा बैंकिंग वित्तीय साक्षरता के बारे मे विधार्थीयो को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन शालिनी मैडम द्वारा किया गया।

# जिले भर में डॉ. आंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में डॉ. बाबा साहब आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस शनिवार को मनाया गया। इस अवसर पर आंबेडकर चौक पर सैकड़ों अनुयायियों ने बाबा साहब को याद किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। अनुयायियों ने बाबा साहब की कांस्य प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जयघोष के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी।



महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में मौजूद श्रीनिवास बाघमारे ने बताया कि डॉ. आंबेडकर ने अपना संपूर्ण जीवन मानवता की बहाली के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संविधान ने उन लोगों और महिलाओं को सम्मान दिलाया, जो पहले बदतर जीवन जी रहे थे।

बाघमारे ने यह भी उल्लेख किया कि देश के सर्वोच्च पदों पर महिलाओं के आसीन होने का श्रेय भी डॉ. आंबेडकर को जाता है। उन्होंने बताया कि आज देश और दुनिया में बाबा साहब को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर याद किया जा रहा है।

# डीईओ श्री उपाध्याय ने स्कूल प्राचार्यो की ली समीक्षा बैठक

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय ने 06 दिसंबर को जिले के समस्त शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2025-26 में स्कूल के तिमाही परीक्षा में 40 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले संस्था प्राचार्यो के साथ विस्तार से चर्चा की। यह बैठक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में आयोजित की गई, जिसमे हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के तिमाही परीक्षा में 40 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्य एवं जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट के 40 संस्था प्राचार्यो की उपस्थिति रहीं।




बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने वर्ष 2025-26 में स्कूलों के तिमाही परीक्षा में 40 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूल शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग की विस्तार से समीक्षा की और प्राचार्यो को निर्देशित किया कि प्रतिदिन स्वयं समय पर उपस्थित रहकर शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराए। सभी प्राचार्य डी एवं ई ग्रेड वाले विद्यार्थियों की सूची, रेमीडियल कक्षों के आयोजन के लिए समय सारणी एवं अकादमिक कार्य योजना अपने टेबल पर रखेगें, ताकि निरीक्षण के दौरान उसका अवलोकन किया जा सके। सभी प्राचार्य अकादमिक कार्य योजना शैक्षणिक कलेण्डर अनुसार तैयार करेगें एवं रेमिडियल कक्षा के कालखण्ड विषयवार प्रतिदिन के हिसाब से तैयार करेगें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को निर्देशित किया जाए कि पढाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को लिखकर पढने का अभ्यास कराए।

डीईओ श्री उपाध्याय द्वारा प्राचार्यो से वन टू वन चर्चा के दौरान गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, और सामाजिक विज्ञान में कम अंक आने के कारणों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया गया। प्राचार्यों ने बताया कि तिमाही परीक्षा की तुलना में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम बेहतर हुआ है । उन्होंने आश्वासन दिया है कि वार्षिक परीक्षा के लिए शत-प्रतिशत लक्ष्य लेकर अकादमिक कार्य योजना तैयार की जा रही है और उस दिशा में कार्य किया जा रहा है ।

## पीजी कॉलेज बालाघाट में एड्स जागरूकता सप्ताह का किया गया समापन

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन 01 दिसंबर से क्रियान्वित एड्स जागरूकता सप्ताह का शनिवार 06 दिसंबर को समापन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर तथा नुक्कड़ नाटक आदि के द्वारा जन जागरूकता में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा संगठन के 63वें स्थापना दिवस के अवसर पर 06 दिसम्बर 2025 को होमगार्ड लाइन (आकाशवाणी के सामने) बालाघाट में भव्य एवं अनुशासित समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे के आगमन पर डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट श्रीमती रजनी खटीक द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्रातः 10:30 बजे शुरू हुए समारोह में मुख्य अतिथि को परेड द्वारा सलामी दी गई, जिसके बाद परेड का निरीक्षण एवं प्रभावशाली मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया गया।

# करुणा का काफ़िला पहुँचा कनकी, ठिठुरन में बाँटी गई गर्माहट और जागरूकता

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कनकी ग्राम के वेनगंगा नदी तट पर आज सुबह मानवीय संवेदना का मार्मिक चित्र उभर आया। सर्द हवाओं से ठिठुरते जरूरतमंद परिवारों के बीच आदर्श दानपात्र सेवा समिति एवं जन सहयोग द्वारा कंबल, शॉल तथा महिलाओं-किशोरियों के लिए सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण किया गया। इस पहल ने कई परिवारों को ठंड से राहत और सम्मानजनक जीवन के प्रति जागरूकता प्रदान की।समिति का उद्देश्य केवल राहत सामग्री देना भर नहीं था, बल्कि समाज में सहानुभूति, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना था। आयोजन के दौरान महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी गई। समिति के अनुसार—"स्वच्छता ही सम्मान है, और सम्मान हर महिला का अधिकार।"

वर्षों से आदर्श दानपात्र सेवा समिति वनांचलों, ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुँचाने के कार्य में सक्रिय रही है। आज के कार्यक्रम में बच्चों को कंबल ओढ़ाते समय उनकी खिलखिलाहट, राहत पाकर सहज हुई महिलाओं के चेहरे और सेवा भाव से जुड़े सदस्यों की सक्रियता—सब मिलकर मानवीय करुणा का प्रेरक दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे।यह संदेश स्पष्ट था—"समाज तभी खूबसूरत बनता है, जब हम किसी के दुख को अपना समझकर हाथ बढ़ाते हैं।"कार्यक्रम की सफलता में समिति के सदस्यों, सहयोगियों एवं दानदाताओं —श्रीमती रेखा मेश्राम, पारमी बौद्ध, आशालता वैद्य, ऊषा संभलकर, सविता खंडवाहे, विकास पटले, आशीष कुमार बारमाटे एवं अनुप गुप्ता—के उल्लेखनीय योगदान के लिए समिति ने हृदय से आभार व्यक्त किया।इस सेवा कार्य ने यह सिद्ध किया कि करुणा की एक छोटी-सी किरण भी जरूरतमंदों के जीवन में बड़ी गर्माहट भर सकती है।



# लांजी में बायसन का सफल रेस्क्यू ऑपरेशन

## वन विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** 6 दिसंबर शनिवार की सुबह 9 बजे ग्राम कलपाथरी तहसील लांजी में एक भारतीय गौर / भारतीय बायसन के खेत राजस्व एरिया में होने की सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की। पश्चिम लांजी वन परिक्षेत्र अधिकारी सपन ताम्रकार को फोन द्वारा सूचना मिली थी, जिसके बाद पूर्व एवं पश्चिम लांजी के स्टाफ का एक दल बनाया गया। दल द्वारा बायसन की लगातार मॉनिटरिंग की गई ताकि बायसन को और जन सामान्य को कोई नुकसान न पहुंचे। लगभग 2 बजे बायसन को सुरक्षित जंगल तक पहुंचाया गया। इस कार्य में पुलिस प्रशासन का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जंगली जानवरों के हमले से बचने के लिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जंगली जानवरों के हमले के समय शांत रहना चाहिए और धीरे-धीरे पीछे हटना चाहिए। साथ ही, जंगली जानवरों के रहने वाले क्षेत्रों में जाने से बचना चाहिए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया



कि अभी भी दल द्वारा बायसन की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि बायसन लौटकर गांव में क्षेत्र में ना आए। वन विभाग द्वारा लगातार क्षेत्रवासियों को बताया जा रहा है कि जंगली जानवरों के रहने वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। जंगली जानवरों के हमले के समय शांत रहें और धीरे-धीरे पीछे हटें जंगली जानवरों को खाना न दें।जंगली जानवरों के रहने वाले क्षेत्रों में बच्चों को अकेले न छोड़ें। जंगली जानवरों के हमले की सूचना तुरंत वन विभाग को दें।